केन्द्रीय विद्यालय संगठन , लखनऊ संभाग
सत्रांत परीक्षा (2023-24)
अंक योजना एवं उत्तर संकेत
कक्षा – आठवीं
विषय – हिंदी

समय- 2:30 **पूर्णांक – 60**

<u>सामान्य निर्देश</u> : -

- इस अंक योजना का उद्देश्य मूल्याङ्कन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है |
- यदि छात्र इन अंक-योजना से भिन्न किन्तु उपयुक्त उत्तर दें, उन्हें अंक दिए जाएँ |
- सामान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटे जाएँ |

उत्तर (1) **(1X5=5)**

1 – (ग) : साथियों के उपहास भरे शब्द
2 – (घ) : पानी की तरह निरंतर बहते रहो, चलते रहो
3 – (क) : निरंतर गतिशीलता
4 – (क) : संज्ञा
5 – (क) : पानी जैसी गतिशीलता

उत्तर (2) **(1X5=5)**

1 – (घ) : मन का विश्वास
2 – (घ) : बार बार प्रयास करके कण ले जाने में फसल होती है
3 – (ग) : समुद्र में गोता लगाने से
4 – (ख) : जलधि
5 – (ख) : हिम्मती की

उत्तर 3- **(1X12=12)**

(1) संज्ञा शब्द है – **(क) सज्जनता**

2. जिन संज्ञाओं से केवल महसूस किया जाता है वे कहलाती हैं –**(ग) भाववाचक**

3. लाल गुलाब में विशेषण भेद लिखिए -**(क) गुणवाचक**

4. निम्नलिखितत में से द्वंद्व समस वाला विकल्प चुनिए – **(ख़) माता-पिता**

5. सही संधि विच्छेद वाला चुनिए – **(क) विद्या + अर्थी**

6. सही विलोम शब्द चुनिए –**(ग) पाताल**

7. उचित पर्यायवाची विकल्प चुनिए – **(ग) दिनकर**

8. राम <u>ने</u> कहा कि वह आज विद्यालय नहीं जाएगा | रेखांकित का कारक भेद चुनिए – **(क) कर्ता**

9. शुद्ध वर्तनी वाला विकल्प चुनिए –**(ख) ज्ञान**

10. शुद्ध वाक्य चुनिए- **(ख) यह काम किसने किया है ?**

11. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए –

(क) भारतीय सेना ने शत्रुओं की .... दी | **(घ) ईंट से ईंट बजा दी**

https://www.evidyarthi.in/

12. पानी परत को हाँथ छुयो नहीं नैनं के जल से पग धोए – पंक्ति में कौन सा अलंकर है – **(घ) अतिशयोक्ति**

उत्तर (4) **(1X5=5)**

1 (ग) लेखक का नाम- पी. साईंनाथ

2 (ख) सामाजिक

3 (ख) जहाँ पहिया है

4 (ग) इक

5 (घ) तमिलनाडु

उत्तर (5) **(1X5=5)**

1. कवि का नाम लिखिए । **(ख) सूरदास**
2. कृष्ण माता यशोदा से क्या पूछ रहे हैं ? **(ख) उनकी चोटी कब बढ़ेगी**
3. कृष्ण माँ यशोदा से चोटी के बारे में क्या कहते हैं? **(घ) उपरोक्त सभी**
4.कृष्ण को क्या खाना अच्छा लगता है ? **(ख) माखन-रोटी**
5. कृष्ण की बातें सुनकर माँ यशोदा उन्हें क्या आशीर्वाद देती है ?
(घ) गले लगाकर कृष्ण और बलराम की जोड़ी बनी रहे आशीष देती हैं

उत्तर (6) **(2X2=4)**

(क) अंग्रेज ऐतिहासिक वस्तुओं के संग्रह का शौक़ीन था | इसके अलावा उसका पड़ोसी मेजर डगलस इस अंग्रेज को अपनी ऐतिहासिक वस्तुएँ दिखाकर डींग मारता था |

(ख) साइकिल आन्दोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओ में निम्न बदलाव आए-१- महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना जागृत हुई |

२- वे रूढ़िवादिता व पुरुषों द्वारा थोपे गए रोजमर्रा के घिसे–पिटे दायरे से बाहर निकल सकी |

३- इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका मिला| अब उन्हें कहीं भी जाने हेतु किसी का मुँह नहीं ताकना पड़ता |

४- इससे महिलाओं की आय में वृद्धि हुई| वह अगल-बगल के गाँवों में भी उत्पाद बेचने जा सकती हैं |

५- सबसे बड़ी बात वे साइकिल को अपनी 'आज़ादी का प्रतीक' मानती हैं |

(ग) बाज़ ने शत्रुओं से लड़ते हुए अपना कीमती रक्त बहाया था और मरते दम तक आकाश की ऊँचाइयों को पाना चाहता था | वह साहसी और सकारात्मक विचारधारा का था | तभी तो उसे अपने जीवन से किसी प्रकार की शिकायत न थी | लहरों ने उसकी इसी वीरता और बहादुरी से प्रभावित हो कर गीत गाया |

उत्तर (7) **(2X2=4)**

(क) मक्खन चुराते और खाते समय श्री कृष्ण थोड़ा- सा मक्खन बिखरा देते थे क्योंकि मक्खन ऊँचे टंगे हांडियो में पड़ा होता था और श्री कृष्ण छोटे बालक थे | छोटे –छोटे हाथों से जब ऊपर चढ़कर छींके से मक्खन चुराते व साथियों को खिलाते तो जल्दी-जल्दी में थोड़ा – बहुत बिखर जाता था |

(ख) जब श्री कृष्ण ने विदाई के समय सुदामा की कोई मदद न की तो उन्हें बहुत बुरा लगा | वे सोचने लगते है कि यह किसी को क्या देगा भले ही बहुत धन संपत्ति इसके पास है | बचपन में तो थोड़ी – सी दही के लिए सभी के घर हाथ फैलाता था | वे कृष्ण के से व्यवहार से खीझ उठते है क्योकि उन्हें कृष्ण से ऐसी उम्मीद न थी कि वे उसे खाली हाथ ही लौटा देंगे | सुदामा के मन में दुविधा आ जाती है कि इतने आदर सत्कार से स्वागत व विदाई देने वाले कृष्ण ने ऐसा क्यों किया ?

https://www.evidyarthi.in/

(ग) पक्षी और बदल द्वारा लाई गई चिट्ठियों को पेड़,पौधे और पहाड़ पढ़ पाते हैं ?

उत्तर (8) **(2X3=6)**

(क) गुप्त साम्राज्य के समुद्र गुप्त को भारत का नेपोलियन कहा जाता है | उसके शासनकाल मे साम्राज्य काफी समृद्ध एवं शक्तिशाली था | इस काल मे भारत ने कला और साहित्य के क्षेत्र मे अभूतपूर्व उन्नति की |
(ख) गरीबी , कर्ज ,निहित स्वार्थ ,ज़मींदारों के अत्याचार , महाजन द्वारा शोषण करना ,भारी लगान और कर ,पुलिस के अत्याचार आदि |

(ग) राजा राममोहन राय ने मुख्य रूप से सती प्रथा का अंत किया, जिसमें पति की मृत्यु होने पर पत्नी भी जिंदा जलकर अपने प्राण दे देती थी |
(घ) ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में सन 1600 में आयी | उसका उद्देश्य भारत में व्यपार करना था |

उत्तर:(9) पत्र – लेखन **(5)**

प्रारम्भ एवं समापन की औपचारिकताएं (पता, दिनांक, संबोधन, अभिवादन, समापन)
*विषय – सामग्री/ प्रस्तुति
* भाषा की शुद्धता

उत्तर:(10) निबन्ध – लेखन **(5)**
* विषय प्रतिपादन (दिए गए बिन्दुओं का पल्लवन)
* समग्र प्रभाव / प्रस्तुति
* भाषा की शुद्धता

उत्तर:(11) संवाद – लेखन **(4)**
* विषय के अनुकूल अपेक्षित उत्तर

https://www.evidyarthi.in/